हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 अप्रैल 2026

06 पंच निष्ठाएं, पंच परिवर्तन जीवन का आधार...




07 उर्स मेले में परमार्थ का मंच लगा, 19 श्रद्धालुओं...





**खबर संक्षेप**

### शिल्पा गुप्ता महिला कांग्रेस की प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त



नलखेड़ा। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा की स्वीकृति के बाद प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी द्वारा प्रदेश महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें नगर की महिला नेत्री शिल्पा गुप्ता को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाइयां दी गई है। नगर की महिला कांग्रेस नेत्री शिल्पा गुप्ता को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त करने पर अनिता पाटीदार, रेखा भालोट, मोनिका नीमा, वैशाली पाटनी, शीतल सकलेचा, आरती खंडेलवाल, सुनीता शर्मा, रेखा पाटीदार, अनिता सोनी, नाजिरा बी, शानू बी, निधि पाण्डिया, कलाबाई यादव, फरीदा मेव आदि ने बधाई दी।

### 2 दुकानों से किए घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



सीहोर। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए सीहोर में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल द्वारा विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 2 दुकानों से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### कंपनी का दावा, सवा करोड़ का हुआ नुकसान, 380 खंभे और 30 ट्रांसफार्मर हुए जमींदोज

# हवा आंधी ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था, अंधेरे में कई गांव, दूसरे दिन भी मेंटेनेंस करने में जुटे कर्मचारी

**गुरुवार रात हवा आंधी के तांडव के बाद बिजली कंपनी ने अपनी पूरी ताकत मेंटेनेंस के काम में झोंक दी है। शनिवार को बिजली कर्मचारी और अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में डटे रहे।**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

गुरुवार रात जिले में आए आंधी तूफान ने सीहोर-आष्टा में बिजली व्यवस्था का माजरा पूरी तरह से बिगाड़ कर रख दिया है। आलम यह है कि शनिवार को दूसरे दिन भी अंचलों में बिजली गुल रही। बिजली विभाग की टीमें शुक्रवार के बाद आज शनिवार को भी सुबह से ही टूटे खंभों और उलझे तारों को दुरुस्त करने के लिए खेतों और सडक़ों पर पसीना बहाती नजर आईं। बावजूद शनिवार की शाम तक भी कई गांवों में बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी और अंधेरा कायम रहा।

बता दें गुरुवार रात हवा आंधी के तांडव के बाद बिजली कंपनी ने अपनी पूरी ताकत मेंटेनेंस के काम में झोंक दी है। शनिवार को बिजली कर्मचारी और अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में डटे रहे। जिले के 95 गांवों की सप्लाई बहाल करना बिजली कंपनी के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। कंपनी के शुरुआती आकलन के अनुसार इस आपदा से विभाग को लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ है।

### 380 बिजली खंभे गिरे

बिजली कंपनी के आंकलन के शुरुआती आंकलन के हिसाब से विभिन्न हिस्सों में 150 से अधिक पेड़ उखडक़र बिजली लाइनों पर गिर गए। इससे 380 बिजली के खंभे गिर गए। जिले



भर में 30 ट्रांसफार्मर और 46 बिजली के स्ट्रक्चर धराशाई हुए हैं। 33 केवी और 11 केवी की मुख्य लाइनें टूटने से सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिसे जोडऩे में शनिवार को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### सीहोर और आष्टा में सबसे ज्यादा नुकसान

क्षेत्रवार नुकसान का ब्यौरा देखें तो आष्टा और सीहोर वृत्त सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। आष्टा क्षेत्र के सिद्दीकगंज और बागेर जैसे क्षेत्रों में भारी क्षति हुई है। आष्टा वृत्त में 118 (11 केवी) और 107 एलटी पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसी तरह सीहोर क्षेत्र के अहमदपुर,


### उमस और गर्मी ने जनता को किया बेहाल

एक तरफ बिजली न होने से पेयजल संकट खड़ा हो गया है, वहीं दूसरी तरफ मौसम के बदले मिजाज ने लोगों की बेचैनी बढ़ा दी है। शनिवार को भी दिनभर धूप के कारण उमस बरकरार रही। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहने के कारण बिना पंखे-कूलर के लोगों का घरों में बैठना दूभर हो गया।

### रविवार से बाद राहत की उम्मीद

मौसम विभाग और बिजली कंपनी के अनुसार शनिवार देर रात तक प्रमुख लाइनों को दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा गया है। अनुमान है कि 5 अप्रैल के बाद ही मौसम पूरी तरह साफ होगा और बिजली व्यवस्था पटरी पर लौट पाएगी। हालांकि मौसम साफ होते ही सूरज के तेवर तीखे होने और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है।





श्यामपुर, खजूरिया कलां और दोराहा में 78 (11 केवी) और 49 एलटी पोल टूटे हैं। शनिवार को इन क्षेत्रों में टीमें काम करती दिखीं।

### जानकारी से अंजान रहे डीई

जब इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के डीई सुमित अग्रवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि हवा आंधी से नुकसान तो हुआ है, मेंटनेंस कार्य जारी है। लेकिन कितना नुकसान हुआ है, यह फील्ड के अधिकारी ही बता सकते हैं।

### 23 को निकाली जाएगी कलश यात्रा, दिव्य अनुष्ठान का आयोजन

सीहोर। शहर के कलारपुरा कस्बा में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में महिला मंडल के तत्वाधान में भव्य रूप से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर नगर सेठ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सहित क्षेत्रवासियों ने आस्था और उत्साह के साथ भाग लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आगामी 23 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ मंदिर में दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे और विद्वान के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहण किया गया।

### 8 अप्रैल को जिला स्तर पर व 11 को ब्लॉक स्तर पर दिए जाएंगे ज्ञापन

# टीईटी परीक्षा व वरिष्ठता को लेकर संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा


बाबा बैजनाथ मंदिर परिसर आगर में शनिवार को अध्यापक संवर्ग के साथ अन्य कर्मचारी संगठनों के जिला अध्यक्ष और पदाधिकारियों की उपस्थिती में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से सभी ने टीईटी परीक्षा रद्द करने और प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ प्रदान करते हुए सेवा अवधि की गणना को लेकर आगामी कार्ययोजना बनाई गई। जिसमें 8 अप्रैल को जिला स्तर पर कलेक्टर को ज्ञापन, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी शिक्षकों को आह्वान किया गया कि इसी तारतम्य में 18 अप्रैल को भोपाल में पूरे प्रदेश के अध्यापक संवर्ग व सभी संगठन सयुंक्त मोर्चा के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शनिवार को आयोजित बैठक में मुख्य रूप से सभी संगठनों के जिला अध्यक्ष जिसमें महेन्द्र कुमार जैन मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ जिला



आगर मालवा, नितिन रघुवंशी पटवारी संघ जिला अध्यक्ष, अनिल सोनी जिला संयोजक मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, कमल सिंह राठौड़ पीएमयूएमएस जिला अध्यक्ष, दीपसिंह दलोदिया राष्ट्रीय शिक्षक मंच जिलाध्यक्ष, हाजी सय्यद फकीर मोहम्मद अपाक्स जिलाध्यक्ष, प्रेमसिंह यादव गुरुजी शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष, दिनेश कुमार मेहता पुरानी पेंशन बहाली संगठन जिला अध्यक्ष, दुर्गाशंकर शर्मा प्रांतीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष, भारत कुमार जाटव राज्य शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष व सभी संघ के पदाधिकारी मनोजसागर, लोकेश पाटीदार पीरुलाल जादमे, जगदीश रावत, राधेश्याम मेवाडा गुरुजी संघ प्रांतीय सचिव, बबलू मंडलोई, रामचंद्र बगाना, अरुण त्रिवेदी, मोहन सिंह यादव, मुकेश गिरी, कालू सिंह फौजी, गोस्वामी, देवीलाल कामरिया, सुमेरसिंह राठौड़, मनोज सागर, मनोज दुबे आदि उपस्थित रहे।

# एफआईआर कराने गई युवती से पुलिस बोली: दिमाग में भूसा भरा है, थाने से भगाया, दहेज उत्पीड़न की शिकायत लेकर पहुंची थी थाने



सीहोर। शहर के महिला थाने में दहेज उत्पीड़न और तांत्रिक विद्या जैसी शिकायत लेकर पहुंची एक नवविवाहिता को पुलिस स्टाफ ने सांत्वना देने के बजाय फटकार लगाई। थाना प्रभारी महिला निरीक्षक धनवंतरी ठाकुर ने एफआईआर नहीं लिखी। थाने से भगा दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है

**टाइप करने वाला नहीं है, अभी जाओ :** बरखेड़ा हसन गांव निवासी संगीता लोधी गुरुवार रात अपनी फरियाद लेकर महिला थाने पहुंची थीं। आरोप है कि वहां मौजूद स्टाफ ने उनकी बात सुनने के बजाय अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पुलिस कर्मियों ने पीड़िता से कहा, अभी टाइप करने वाला नहीं है और तुम्हारे दिमाग में भूसा भरा हुआ है। न्याय की उम्मीद लेकर आई महिला को थाने से दुर्व्यवहार कर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

### पति पर तांत्रिक विद्या और अप्राकृतिक संबंधों का आरोप

संगीता ने पुलिस को दिए आवेदन में अपने ससुराल वालों पर कई आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, पति गोलू लोधी उस पर तांत्रिक विद्या का प्रयोग करता था और अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था।

संगीता ने बताया- शादी के महज 3 दिन बाद ही ननद ने सोने की अंगूठी को पतली बताकर मायके से मोटी अंगूठी लाने का दबाव बनाया। सास-ससुर 2 लाख रुपए नकद और एक प्लॉट की मांग को लेकर लगातार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना दे रहे थे।

### दिसंबर 2024 में हुई थी शादी

संगीता का विवाह 2 दिसंबर 2024 को विदिशा जिले के करेला निवासी गोलू लोधी के साथ हुआ था। पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब पौने तीन लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवर और फर्नीचर सहित भारी दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष की लालच कम नहीं हुई और शादी के सत्कार को बहाना बनाकर मारपीट शुरू कर दी गई।

### वीडियो सामने आने के बाद उठे सवाल

थाने के भीतर हुई इस बदसलूकी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जहां एक ओर सरकार महिला सुरक्षा और सुनवाई के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं सीहोर महिला थाने का यह रवैया सिस्टम की हकीकत बयां कर रहा है। पीड़िता ने अब वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पक्षियों के पानी पीने के लिए लगाए सकोरे

सीहोर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम हसनपुर तिनोनिया, टिगरिया एवं शेखपुरा में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम शेखपुरा के चौराहा पर जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई। वृक्ष पूजन किया गया और पक्षियों के पानी पीने के लिए सकोरा लगाए गए।

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं भाजपा कार्यकर्ता : सुदेश राय

सीहोर। शहर के भाजपा नगर मंडल सीहोर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन शहर स्थित क्रिसेंट रिसोर्ट में किया गया। इस मौके पर सात चरण में प्रशिक्षण अभियान संपन्न किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल एक के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति और भाजपा नगर मंडल दो के अध्यक्ष सुशील ताम्रकार ने भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का स्वागत संगठन के अंगवस्त्र पहनाकर किया। प्रशिक्षण वर्ग के शुरुआत में पंडित दीनदयाल जी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी पदाधिकारि एवं कार्यकर्ताओ ने डिजिटल पंजीयनकरण के माध्यम से अपना पंजीयन किया।जिसमें भाजपा के दोनों मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दिगंबर जैन जीव दया टीम ने पानी के सकोरे बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

दिगंबर जैन समाज के युवा एवं बच्चों की एक टीम द्वारा प्रत्येक रविवार को नगर में विचरण कर रही गायों को हरा चारा मोटरसाइकिल से घूम कर डाला जाता है। साथ ही कुत्तों को बिस्कुट एवं रोटियां भी डाली जाती हैं। ग्रीष्म ऋतु की प्रचंडता को देखते हुए टीम जीव दया द्वारा पक्षियों को पानी पीने के लिए 100 सकोरे सभी परिवारों में वितरण किए गए। जिसमें परिवारों के द्वारा पक्षियों के लिए पानी भरा जा रहा है। हर रविवार को टीम द्वारा लखुंदर नदी के तट पर स्थित 105 पुण्य सागरजी महाराज की छतरी पर साफ सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। युवाओं के इस कार्य की नगर में प्रशंसा की जा रही है। उक्त कार्य के लिए समाज जनों द्वारा दान भी दिया जा रहा है।

### निर्धारित समय में एक स्वर में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा

# विश्व नवकार दिवस पर नलखेड़ा में भी 9 अप्रैल को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष में जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के आह्वान पर 9 अप्रैल को एक वैश्विक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शांति और सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना है जिसमें भारत सहित विश्व के 108 देश के 6000 से अधिक स्थानों पर एक साथ निर्धारित समय में एक स्वर में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। जैन समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अलग-अलग प्रदेशों में वहां के मुख्यमंत्री भी आयोजन में सहभागिता करेंगे।

स्थानीय स्तर पर जैन श्वेतांबर श्री संघ के तत्वावधान में जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर बुधवार को सुबह 8 से 9 तक नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप का कार्यक्रम होगा। जिसमें सभी धर्म प्रेमी श्रावक श्राविकाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु नवकार महामंत्र जाप






के इस पवित्र आयोजन में सहभागिता करने हेतु सकल जैन श्री संघ से आह्वान किया गया है। यहां सामूहिक जाप केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बनेगा बल्कि विश्व शांति और प्राणी मात्र के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा जो अनुमोदनीय होकर सभी के लिए अनुकरणीय होगा। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का महामंत्र है। यहां प्रेम, शांति और अहिंसा का संदेश देता है, जिसे आज के युग में सभी को अपनाने की आवश्यकता है। नवकार महामंत्र का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व है, यहां मंत्र सकारात्मक ऊर्जा, शांति ओर विश्व कल्याण का प्रतीक है। विश्व स्तर पर आयोजित नवकार महामंत्र के इस कार्यक्रम के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी भाग लिया जाएगा। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी इस आयोजन में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस आयोजन को लेकर कहा कि जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) के आह्वान पर विश्व नवकार महामंत्र दिवस के उपलक्ष में 9 अप्रैल को एक वैश्विक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म का मंत्र नहीं है, बल्कि यहां सभी मानवता को अहिंसा करुणा ज्ञान आत्म शुद्धि का मार्ग दिखाने वाला सार्वभौमिक संदेश है। आप सभी से अनुरोध है कि आप व आपका पूरा परिवार विश्व शांति दिवस पर आयोजित इस आयोजन में विशेष रूप से शामिल हो। मध्य प्रदेश सरकार भी इस आयोजन में हर संभव सहयोग करेगी।

## खबर संक्षेप

### अक्षय तृतीया पर होगा सामूहिक विवाह

**देवास।** यादव गवली समाज के अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह को लेकर रविवार को सगाई एवं लगन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। रविवार को राधा कृष्ण मंदिर में 16 जोड़ों का सगाई एवं लगन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें देवास सहित आसपास के जिले से वर-वधु पक्ष के लोग शामिल हुए। पूर्व पार्षद अर्जुन यादव एवं पार्षद रामदयाल यादव ने बताया कि अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें 16 जोड़ों का विवाह संपन्न होगा। उसी को लेकर सगाई एवं लगन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष हरजू यादव, उपाध्यक्ष रमेश यादव, नत्थू लाल जी यादव, शिव यादव, दिलीप यादव, संतोष यादव, अजय यादव, ओम प्रकाश यादव, प्रकाश यादव, अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम में शामिल हुए हजारों आमजन

**देवास।** श्रीराम जन्म उत्सव से लेकर श्री हनुमान जन्म उत्सव तक लगातार चल रही संगीतमय श्री राम कथा एवं धार्मिक अनुष्ठान का समापन 23 कन्याओ के सामुहिक विवाह समारोह भण्डारे के साथ हुआ। श्रीराम हनुमान सेवा संचालन समिती अध्यअ दिलीप बांगर ने बताया की रामनवमी के पावन पर्व पर विगत 25 वर्षों से जरूरतमंद परिवारो की कन्याओ का निशुल्क सामुहिक विवाह सम्पन्न होता है तो वही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रतिदिन किये जाते हैं। पं. आशीष अग्निहोत्री के श्रीमुख से संगीतमय श्रीराम कथा का श्रवण किया तो वही सामुहिक विवाह समारोह में आमजनों ने सम्मलित होकर वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने विधानसभा के पांच मंडलों के सत्र को किया संबोधित

# पंच निष्ठाएं, पंच परिवर्तन जीवन का आधार आदर्श कार्यकर्ता बनने करें आत्मसातः जामवाल






### प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाने के साथ संगठन की कार्यपद्धति से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत देवास जिले की देवास विधानसभा के पांचों मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ सत्र को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार आधारित संगठन है। भाजपा का मूल उद्देश्य राष्ट्र सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाना है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने "पंच निष्ठाएं" और "पंच परिवर्तन" को कार्यकर्ता जीवन का आधार बताते हुए कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को इन सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

#### सशक्त कार्यकर्ता सशक्त संगठन की नींव

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भाजपा की "पंच निष्ठाएं" कार्यकर्ता के चरित्र और उसके कार्य की दिशा तय करती हैं। कार्यकर्ता के मन में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना होना अनिवार्य है, यही राष्ट्र निष्ठा का मूल है। पार्टी की विचारधारा के प्रति अटूट विश्वास रखना विचार निष्ठा का आधार है। संगठन के निर्णयों और अनुशासन का पूर्ण पालन करना संगठन निष्ठा को सुदृढ़ करता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता के व्यक्तिगत जीवन में शुचिता, ईमानदारी और नैतिकता का होना आवश्यक है, जो उसकी आचरण निष्ठा को दर्शाता है। समाज के अंतिम व्यक्ति के अंतिम व्यक्ति की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना सेवा निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ये "पंच निष्ठाएं" ही एक साधारण कार्यकर्ता को आदर्श कार्यकर्ता में परिवर्तित करती हैं और संगठन की मजबूती का आधार बनती हैं।

#### प्रशिक्षण से सशक्त होंगे कार्यकर्ता

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय ही सक्रिय नहीं रहते हैं, बल्कि वह समाज के हर क्षेत्र में सेवा और समर्पण के साथ कार्य करते हैं। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना के साथ कार्य करना ही भाजपा की पहचान है। इसी के माध्यम से कार्यकर्ता समाज में विश्वास और विश्वसनीयता स्थापित करता है। "पंच निष्ठाएं" जहां कार्यकर्ता के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण करती हैं, वहीं "पंच परिवर्तन" समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। इन दोनों के समन्वय से ही एक आदर्श कार्यकर्ता का निर्माण संभव है, जो समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ उन्हें संगठन की कार्यपद्धति से परिचित कराते हैं। इससे कार्यकर्ता अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर पाता है और समाज में एक आदर्श भूमिका निभाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीति-नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक हैं। देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण और समर्पण से ही संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, देवास विधायक गायत्री राजे पवार,जिला प्रभारी धनंजय शर्मा, प्रशिक्षण वर्ग के संभाग प्रभारी राजीव खंडेलवाल, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन, बहादुर मुकाती, ओम जोशी, नवीन सोलंकी, मंडल अध्यक्षगण शुभम चौहान, सुरेश सिसोदिया, मधु शर्मा , देवेंद्र नवगोत्री, अतुल शर्मा,सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# नरवाई जलाने वालों पर जिला प्रशासन की सख्ती

### खेत मालिकों पर की जा रही एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

जिला प्रशासन द्वारा खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) जलाने की घटनाओं पर एनजीटी तथा शासन के निर्देशों के अनुपालन में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत तहसील देवास के ग्राम कालुखेड़ी में 04 अप्रैल 2026 को पटवारी सुरेश झाला, कृषि विस्तार अधिकारी शिवांगी चौहान एवं ग्राम कोटवार की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रकबा 1 हेक्टेयर पर किसान मोतीराम पिता कन्हैयालाल द्वारा गेहूं की कटाई के बाद खेत में फसल अवशेष में आग लगाई गई थी। राजस्व एवं कृषि विभाग के दल ने मौके पर पंचनामा तैयार कर तहसीलदार देवास (नगरीय) के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर देवास द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने पर दिनांक 05 अप्रैल 2026 को आरोपी किसान मोतीराम पिता कन्हैयालाल के विरुद्ध बीएनपी थाना में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है । वही भौरासा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोलाय जागीर के खेत पर नरवाई जलते पाए जाने पर किसान शिवलाल पिता बाबूलाल जाति तेली के खिलाफ थाना भौरासा में प्रकरण दर्ज किया गया। नायब तहसीलदार भौरासा हर्षल बहरानी के निरीक्षण के दौरान राजस्व टीम ने अवलोकन करते हुए कृषक शिवलाल पिता बाबूलाल जाति तेली निवासी ग्राम पोलाय जागीर द्वारा अपने प,ह,न,51 भूमि सर्वे क्रमांक 464 रकबा 2.02 हे,में नरवाई के जलते हुए डंठल पाए गए मौके पर उक्त भूमि के कृषक शिवलाल पिता बाबूलाल जाति तेली पर नरवाई जलते हुए पाए जाने पर एफआईआर दर्ज की गई।

### युवा कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई पर किया विरोध प्रदर्शन




**देवास।** युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अक्षय बाली के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो भैंस पर तेल की कैन, आटे की बोरी,दूध की कैन,गैस की टंकी लेकर विकास नगर चौराहे से केलादेवी चौराहे तक नारेबाजी कर के पद यात्रा निकाली। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस प्रभारी रेणुका गांधी,दिग्विजय सिंह झाला, अतुल सिंह राजपूत, राहुल व्यास, सूरज चौहान राज, रोशन लूनिया, राहुल उपाध्याय, मुकुल रॉय, वासु घारू, हिमांशु नागौर, लाखन भाटिया, सचिन बाली, सुजीत बाली, निलेश दावरे, शैलेश यादव, आशीष चौहान, पवन शुक्ला, सतीश सोलंकी, पवन लोगरे, हार्दिक व्यास, प्रवीण मालवीय, गोविंद राठौड़, प्रशांत भाऊ, अनिकेत गोस्वामी, अमित अहिरवार, आर्यन, पांचाल, अज्जू पांचाल, रोहित पांचाल, विपुल शर्मा, बंटी कार्तिक कलेसरिया, सचिन बाज़ाड, अक्षय मिश्रा, राजेश जायसवाल, बिल्ला भाई, विकास राठौड़, शुभम सिसौदिया, ऋतिक दुबे, संजय मालवीय , दीपक शर्मा, अक्षय गरासिया, हर्षू श्रीवास, अजय , अभय पवार आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आयशर बस की टक्कर में चालक और यात्री घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कन्नौद-आष्टा मार्ग पर रविवार सुबह सिया घाट के पास एक सड़क हादसा हो गया। भूसे से लदी आयशर और तीर्थ यात्रियों से भरी बस की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर इतनी भीषण थी कि आयशर पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि बस का अगला हिस्सा भी टूट गया।हादसे की सूचना मिलते ही कन्नौद थाना प्रभारी तहजीब काजी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया और घायलों को कन्नौद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। जानकारी अनुसार, बस में सवार तीर्थ यात्री मेरठ के रहने वाले थे। वे ओंकारेश्वर के दर्शन करने के बाद सीहोर की ओर जा रहे थे।

वहीं आयशर वाहन कन्नौद की तरफ आ रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दोनों चालकों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।इस दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अनिका के उपचार हेतु 3 लाख से अधिक की सहायता राशि जुटी, जन्मदिवस पर सेवा का संकल्प बना मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




समाजसेवा की भावना को नई दिशा देते हुए मां अम्बे कंस्ट्रक्शन के संचालक एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजय कटेसरिया ने अपने जन्मदिवस को सेवा और संवेदना के उत्सव में बदलकर एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। 4 अप्रैल 2026 को आयोजित इस विशेष सेवा मुहिम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इंदौर की दो वर्षीय बालिका अनिका शर्मा के उपचार हेतु तीन लाख रुपये से अधिक की राशि एकत्रित की गई।गौरतलब है कि अनिका शर्मा दुर्लभ बीमारी स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-2 से पीड़ित है, जिसके उपचार के लिए अत्यंत महंगा इंजेक्शन आवश्यक है। इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में समाज के सहयोग को संबल बनाने के उद्देश्य से विजय कटेसरिया ने अपने जन्मदिवस पर पारंपरिक उत्सवों से दूरी बनाते हुए सेवा का मार्ग चुना। चामुंडा कॉम्प्लेक्स, आईसीएच सयाजी द्वार के सामने आयोजित कार्यक्रम में मित्र मंडल संस्था मानस के हेमंत शर्मा एवं टीम जितेंद्र सिंह गौड़ सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का सहयोग प्राप्त हुआ। एकत्रित राशि कलेक्टर ऋतुराज सिंह के माध्यम से समर्पित की गई, जिससे इस कार्य को संस्थागत सहयोग भी मिला। कार्यक्रम के दौरान न तो केक काटा और न ही स्वागत किया गया, बल्कि प्रत्येक सहभागी ने अपनी क्षमता अनुसार सहयोग राशि देकर मानवता का परिचय दिया। यह आयोजन इस



बात का सशक्त संदेश बनकर सामने आया कि सच्चा उत्सव वही है, जो किसी जरूरतमंद के जीवन में उम्मीद की किरण बन सके। विजय कटेसरिया ने इस पहल में सहयोग देने वाले सभी मित्रों, शुभचिंतकों एवं समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने अपील की है कि मासूम अनिका के उपचार हेतु समाज आगे आए और अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करे, ताकि एक नन्हीं जिंदगी को

# विधायक शर्मा ने उन्नत कृषि महोत्सव प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

विधायक आशीष शर्मा ने उन्नत कृषि महोत्सव (राष्ट्रीय कृषि मेला) के प्रचार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह उन्नत कृषि महोत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 11 से 13 अप्रैल 2026 तक दशहरा मैदान, रायसेन (मध्य प्रदेश) में आयोजित किया जाएगा। उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि यह प्रचार वाहन 04 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक यह कृषि प्रचार रथ विदिशा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत खातेगांव विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर किसानों को मेले में शामिल होने हेतु आमंत्रित करेगा। इस महोत्सव में किसानों को कृषि से जुड़ी नवीनतम तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी, जिनमें कृषि मशीनरी एवं आधुनिक उपकरण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, ड्रोन तकनीक एवं स्वचालन, फर्टिगेशन तकनीक, कृषि प्रसंस्करण, पशुधन प्रदर्शन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, पॉलीहाउस एवं ग्रीनहाउस, एकीकृत खेती मॉडल, एफपीओ सम्मेलन एवं कृषि स्टार्टअप, मधुमक्खी पालन, बागवानी एवं फूलों की खेती, तिलहन एवं दलहन मिशन, कृषि वैज्ञानिकों के साथ संवाद, किसानों को कृषि से संबंधित सभी उन्नत योजनाओं, तकनीकों एवं उपकरणों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उपसंचालक कृषि ने अपील की है कि अधिक से अधिक किसान भाई इस मेले में भाग लेकर नवीन तकनीकों का लाभ उठाएं। इस अवसर पर हुकुम पटेल, राजेश जोशी, अनोखी लाल चौहान, संदीप धूत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खातेगांव एन.एस. गुर्जर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कन्नौद जितेंद्र जाट सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं किसान गण उपस्थित थे।

### स्कूल चलें हम अभियानः कलेक्टर ने शासकीय सांदीपनि स्कूल में छात्रों से किया संवाद

# सूरज जैसे चमकना है, तो उसके जैसा जलना होगाः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





स्कूल चले हम अभियान के" तहत "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम मध्य प्रदेश सरकार की एक बेहतरीन पहल है। यह प्रवेशोत्सव-2026 का हिस्सा है, जो 1 से 4 अप्रैल 2026 तक पूरे प्रदेश के 92 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों में चल रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना, ड्रॉपआउट रोकना, छात्रों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, उनका मार्गदर्शन करना हैं। इसी अभियान के तहत कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सांदीपनि विद्यालय, बालगढ़ पहुंच कर छात्र-छात्राओं से भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत वार्ता की। कार्यक्रम में सभी छात्रों द्वारा अपनी जिज्ञासा अनुरूप प्रश्न पूछे गए, जिसका कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सकारात्मक समाधान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सिंह ने बच्चों के सवालों के जवाब देते हुए कहा यह इंटरनेट और ए.आई. का समय है आज कोई भी इनफॉरमेशन हमें बहुत शीघ्र प्राप्त हो जाती है परंतु पहले इन सुविधाओं का अभाव था कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती थी। आप सभी इन सुविधाओं एवं नई-नई तकनीकियों का सकारात्मक उपयोग कर भविष्य में आगे बढ़े।कलेक्टर श्री सिंह ने कहा की जीवन में यदि सफल होना है तो असफलता से नहीं डरना चाहिए। असफलता, सफलता की प्रथम सीढ़ी है। हमें असफलता के कारण का मंथन करना चाहिए एवं उससे सीख लेकर उस पर कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीवन में हमें एक लक्ष्य निश्चित करना चाहिए एवं उस लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय होकर कड़ी मेहनत करना चाहिए। आपकी दृढ़ शक्ति और दृढ़ निश्चय ही आपको आपके सपने तक पहुंचता है। उन्होंने कहा कि यदि ₹सूरज जैसे चमकना है, तो उसके जैसा जलना होगा₹ अर्थात जीवन में सफल होना है तो दृढ़ संकल्प के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी।कलेक्टर सिंह ने छात्रों से संवाद में भविष्य में क्या बनना चाहते हैं पूछा एवं उनकी इच्छा अनुरूप उन्हें मार्गदर्शन भी प्रदान किया। उन्होंने कहा सभी छात्र अच्छे से पढ़ाई कर उच्च शिक्षा के लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई करने का लक्ष्य बनाएं।

उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाई का स्तर बहुत अच्छा रहता है, जिससे आप जीवन में बहुत अच्छे स्थान पर पहुंच कर अपने माता-पिता एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस सत्र में शीघ्र ही नवीन भवन बनकर तैयार हो जाएगा और आप सभी उसमें प्रवेश कर पढ़ाई प्रारंभ कर सकेंगे।इस दौरान कलेक्टर ने यूपीएससी की पढ़ाई के समय का अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया की यूपीएससी क्रैक कर प्रशासनिक जॉब करना उनका सपना था। जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और पहले ही बार में यूपीएससी पास की। उन्होंने बताया कि यूपीएससी कोई भी व्यक्ति पास कर सकता है जिसके लिए उसे कड़ी मेहनत, एकाग्रता और दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी करना होगी।

उन्होंने यूपीएससी के इंटरव्यू का प्रसंग सुनते हुए छात्रों को कहा कि जीवन में दबाव में आकर कोई भी गलत निर्णय नहीं लेना चाहिए हमें मेंटली स्ट्रांग बनना चाहिए। कलेक्टर ने भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ एवं विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र बंसल द्वारा स्कूल की कार्यप्रणाली एवं नवाचारिक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सिंह ने छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें एवं गणवेश भी प्रदान की एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन माता-पिता को स्मरण करते हुए प्रेरणा गीत के साथ हुआ। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने निर्माणधीन नवीन सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेआउट के माध्यम से विद्यालय निर्माण की रूपरेखा समझ कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डी.पी.सी. अजय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारती, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### झूठे मुकदमों से जमीन कब्जाने के आरोप

**ललितपुर।** मड़ावरा क्षेत्र में एक गरीब किसान की जमीन से जुड़ा मामला सामने आने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश और चिंता का माहौल है। ग्राम मड़ावरा निवासी लखन सिंह पुत्र मंगल सिंह ने आरोप लगाया है कि उसकी जमीन को सुनियोजित तरीके से कागजी हेराफेरी और दबंगई के बल पर हड़प लिया गया है। पीड़ित के अनुसार आराजी संख्या 1285 से 1289 तक में उसकी वैध हिस्सेदारी थी, लेकिन आरोपी सुखदयाल पाल उर्फ सुकन पाल ने गलत चौहद्दी दर्शाकर जमीन पर कब्जा कर लिया और उसके हिस्से की जमीन को बेच दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में यह मामला मंडल आयुक्त झांसी बिमल कुमार दुबे, जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मुहम्मद मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी शैलेंद्र चौधरी, तहसीलदार मनोज कुमार श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारियों के समक्ष उठाया गया, जहां जिलाधकारी ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### शराब पीकर ड्राइविंग मोटरसाइकिल सीज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बीती रात 11 बजे रेलवे स्टेशन रोड पर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शराब के नशे में तेज रफ्तार से लहराते हुए मोटरसाइकिल चलाने वाले युवक को पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। आरोपी ने नशे में होने की बात स्वीकार की और कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। उपनिरीक्षक रज्जन बाबू ने लिखित रिपोर्ट में बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्टेशन रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान रेलवे स्टेशन की ओर से एक व्यक्ति टीवीएस मोटरसाइकिल को खतरनाक तरीके से लहराते हुए आता दिखा। उसकी रफ्तार और लहराने से राहगीरों की जान को खतरा पैदा हो रहा था। पुलिस ने तुरंत रोककर चेकिंग की तो युवक का नाम नई बस्ती निवासी नीरज जैन पुत्र महेंद्र जैन बताया। उसके मुंह से शराब की तेज बू आ रही थी। पूछताछ पर उसने शराब पीकर गाड़ी चलाने की बात मान ली। नीरज जैन लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन या अन्य दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने तत्काल मोटरसाइकिल सीज कर ली चालान काटा। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रास्ते में रोककर लाठी डंडे से हमला

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव में शनिवार सुबह 10.30 बजे एक चौंकाने वाला मारपीट का मामला सामने आया है। खेत जा रहे एक युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ग्राम कुचदौं निवासी सिकंदर यादव पुत्र भगवत सिंह यादव शिकायत में बताया कि वह सुबह 10.30 बजे अपने परासरी (मध्य प्रदेश) स्थित खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान देवगढ़ गांव में रास्ते पर देवगढ़ निवासी सौरभ यादव पुत्र दारा सिंह यादव ने उसे रोक लिया और बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सिकंदर ने गाली देने से मना किया तो सौरभ यादव ने लाठी-डंडे से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट से सिकंदर के शरीर पर कई चोटें आईं। सिकंदर यादव सीधे थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई।

### संकीर्तन व अखंड रामायण पाठ का समापन

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे आठ दिवसीय कार्यक्रम में आज तीसरी और चौथे दिन के कार्यक्रम की श्रृंखला में संकीर्तन श्रीअखंड रामायण पाठ का समापन श्रीतुवन मंदिर परिसर में हरि शर्मा म्यूजिक ग्रुप द्वारा एवं श्री कृष्णकांत तिवारी के संयोजन में संपन्न हुआ। इस दौरान अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, संयोजक जगदीश पाठक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, शिवकुमार शर्मा आदि उपस्थित थे। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम देर रात तक चले, 6 तारीख में कवि सम्मेलन, 7 को भजन संध्या होगी।

---

### शिविर ने जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी का संदेश दिया

# उर्स मेले में परमार्थ का मंच लगा, 19 श्रद्धालुओं ने अंगदान का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सूफी संत हजरत बाबा सदन शाह की दरगाह पर आयोजित उर्स के दौरान शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने मानव सेवा का उदाहरण पेश करते हुए मेले में 31 मार्च से 4 अप्रैल 2026 तक चले पांच दिवसीय जन-जागरूकता शिविर में ट्रस्ट ने देहदान, अंगदान और रक्तदान का संदेश हजारों श्रद्धालुओं तक पहुंचाया।

शिविर में 19 लोगों ने राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के माध्यम से ऑनलाइन अंगदान का संकल्प लिया, जो इस आयोजन की बड़ी उपलब्धि रही। जन-जागरूकता शिविर का उद्घाटन एसडीएम सदर मनीष कुमार, सीओ सदर सुनील कुमार और सीओ ट्रैफिक तारिक हुसैन ने फीता काटकर किया। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक व उर्स कमेटी के पदाधिकारियों ने शिविर का दौरा कर ट्रस्ट की गतिविधियों की सराहना की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। ट्रस्ट के संस्थापक खुशाल चन्द्र साहू की पहल पर आयोजित इस शिविर ने जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी का संदेश दिया। ट्रस्ट कोषाध्यक्ष सुषमा साध के अनुसार एक देहदान अंगदान न सिर्फ कई जिंदगियां बचा सकता है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को भी नई दिशा देता है। पिछले वर्ष ट्रस्ट द्वारा दो सफल देहदान कराकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा हेतु लाभ पहुंचाया गया था।

#### अंग प्रत्यारोपण यूनिट के लिए पहल तेज

राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सॉट्टो) के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेश हर्षवर्धन से ट्रस्ट संस्थापक की मुलाकात के बाद ललितपुर मेडिकल कॉलेज में अंग निष्कासन/ट्रांसपोर्टेशन यूनिट स्थापित करने की दिशा में पहल तेज हुई है। इसके लिए फार्म-13 (मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध संसाधनों का ब्योरा) की औपचारिकताएं पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी को पत्र भी सौंपा गया है।

#### इनका रहा विशेष योगदान

इस आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, महामंत्री राजपाल फौजी, कोषाध्यक्ष सुषमा साध, ट्रस्टी धनंजय यादव (जिला पंचायत सदस्य), उपाध्यक्ष अनिल साहू, महेश कुशवाहा, परवेज पठान, मंत्री रामस्वरूप पटेल, संरक्षक हरीश कपूर टीटू, वंदना प्रमोद मेहता, आदर्श साध, आशीष साहू, बालकृष्ण पाल, चंद्रप्रभा वर्मा, लाखन सिंह पटेल, पहाड़ सिंह गदयाना, कीरत सिंह बाबा, रंजीत सिंह यादव, सब्बीर मंसूरी, मलखान सिंह, विशाल सिंह, मीडिया संयोजक अमित लखेरा व प्रभारी देवेन्द्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता और मानव सेवा का संदेश भी दे गया। शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट का यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ।

---

### प्रोजेक्ट नई किरण

# परिवार का पुनर्मिलन हुआ समझौते से लौटी खुशिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में परिवारों को जोडने और दाम्पत्य जीवन में सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट नई किरण के तहत एक और परिवार का सफलतापूर्वक पुनर्मिलन कराया गया। पुलिस लाइन में एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में नई किरण टीम के प्रयासों से एक परिवार के बीच चल रहे विवाद को आपसी सहमति और समझाइश के आधार पर सुलझा लिया गया। समझौते के बाद परिवार सदस्य खुशी-खुशी साथ रहने के लिए तैयार हो गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों में आई मिठास का संदेश दिया। इस दौरान अन्य 04 मामलों में भी सुनवाई करते हुए अगली तिथि निर्धारित की गई, ताकि उन्हें भी आपसी सहमति से सुलझाया जा सके। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा प्रोजेक्ट नई किरण बिखरे हुए परिवारों को एक सूत्र में बांधने का सराहनीय प्रयास है। इस पहल के माध्यम से दाम्पत्य जीवन में उत्पन्न मतभेदों को संवाद और समझाइश के जरिए दूर कर परिवारों में फिर से खुशियां लौटाई जा रही हैं। इस दौरान सदस्य अजय बरया, संजीव कुमार शर्मा, सुधा कुशवाहा, अरमान कुरैशी, महिला थाना प्रभारी अनीता देवी एवं महिला आरक्षी सिमरन का विशेष सहयोग रहा।

> खुशी खुशी साथ रहने के लिए तैयार हो गए

---

# आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय पर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने जानकारी दी की 6 अप्रेल सोमवार को प्रातः दस बजे भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय भव्य कार्यक्रम के आयोजन में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने का आग्रह किया जाता है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री प्रभारी मंत्री जनपद ललितपुर माननीय श्री दानिश आज़ाद अंसारी जी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम 6 अप्रैल प्रातः 10 बजे स्थानः जिला कार्यालय, भाजपा, ललितपुर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यालय पर रंगोली सजायीं गईं हैं और जिला कार्यालय पर वृहद रोशनी की व्यवस्था की जायेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, पूर्व अध्यक्ष गण प्रेमचंद पटेल, हरीराम निरंजन,जगदीश सिंह लोधी एड, प्रदीप चौबे,बरिष्ठ नेता बब्बू राजा बुन्देला, जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड,गौरव गौतम,रजनी अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव भैया, अवतार सिंह लोधी एड, रुचिका बुन्देला,अनुपमा जैन बजाज, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री सुनीता पंथ, पूजा रैकवार,ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, लक्ष्मी रावत, रुपेश साहू, विक्रांत रावत,जगभान सिंह लोधी,अनुज शर्मा,शिवम पाराशर आदि उपस्थित रहे।

---

# गो सेवा आयोग अध्यक्ष ने गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




वृहद गो संरक्षण केन्द्र विजरौठा विख तालवेहट एवं विकास खंड जखौरा के ग्राम पंचायत कारीपहाडी में स्थापित गोवंश आश्रय स्थल एवं वायोगैस संयन्त्र का उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामविहारी गुप्ता एवं सदस्य रमाकांन्त उपाध्याय द्वारा निरीक्षण किया गया। मौके पर खंड विकास अधिकारी सौरभ कुमार वर्नवाल, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ भूपेन्द्र प्रकाश, डा संदीप कुमार, पसुधन प्रसार अधिकारी, मनोज मिश्रा, सचिव वीरेन्द्र बरौदिया, ग्राम प्रधान श्री मथुरा प्रसाद रैकवार आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष एवं सदस्य के द्वारा गोवंशो के उत्तम स्वास्थ पर निरिक्षण के साथ साथ उनके उचित प्रवंन्धन पर चर्चा की एवं गौवंशौ के उत्तम स्वास्थ पर सुझाव और सहभागिता योजनान्तर्गत अधिक से अधिक गरीब परिवारों को गोवंश सुपुर्द कर लाभान्वित किया जाने हेतु प्रयास किये जाने के सुझाव दिये। गाय एक और उसके फायदे अनेक पर चर्चा करते हुये अवगत कराया की भविष्य में सिर्फ गोवंश ही प्रत्येक समस्याओं का समाधान है। अध्यक्ष प्रत्येक गोवंशो को हरा चारा खिलाने हेतु किसानो से करा कर उनके आय में वृद्धि के अवसर बढाने और हमारा देश 2047 तक विकसित भारत का सपना पूर्ण होने का लक्ष्य पूरा हो सकता है। हरे चारे नेपियर घास के साथ सहजन पत्ती और नीम की पत्ती एवं काला नमक खिलाकर गोवंशो के प्रतिरोधक क्षमता को अधिक वढाया जा सकता है।

ग्राम में नेपियर घास उगाकर गोवंशो को अतिरिक्त चारा खिलाया जा रहा है निरीक्षण के द्वौरान अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा गोवंशो को ग्राम में उगाया गया हरा चारा नेपियर अपने हाथ से गौ माता को खिलाते हुये सफाई व्यवस्था एवं गोशाला प्रवंन्धन की प्रसंशा कर गोशाला को प्रदेश में मॉडल गोशाला के रूप में स्थापित करने का सुझाव दिया, तत्पश्चात ग्राम कारीपहाडी में स्थापित गोवर्धन वायो गैस संयत्र का निराक्षण किया जिसको संचालित अवस्था में पाकर प्रशन्नता जाहिर की वायोगैस संयत्र से ग्राम के 13 परिवारो को गोवर गैस निम्न दरो पर सप्लाई की जा रही है जिसके साथ-2 कृषक गोवर संयंत्र की खाद को अपने खेतो में इस्तेमाल करके कृषि कार्य कर रहे है। वायोगेस संयत्र से विजली भी उत्पन्न की जा रही है जिससे आटा चक्की का संचालन हो रहा है एवं एक रू0 प्रति किलो की दर से गेहूँ पिसाई की जाती है। जिससे ग्राम के आय के श्रोत भी बढें है। संचालन व्यवस्था से प्रसन्न होकर प्रत्येक कर्मचारी, अधिकारी, ग्राम प्रधान को गौसेवा पट्टी पहनाकर अध्यक्ष, सदस्य द्वारा सम्मानित किया गया।

---

# मेंटीनेंस के अभाव में बिजली सप्लाई बाधितः कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



स्थानीय कंपनी बाग में बुंदेलखंड विकास सेना की आवश्यक बैठक बु. वि.सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में आंधी पानी के मौसम में बार-बार होने वाली अघोषित कटौती तथा ललितपुर शहर की विद्युत समस्या को लेकर गहरी चिन्ता और रोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर विद्युत विभाग की अकर्मणता के कारण बार बार होने वाली कटौती को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि ललितपुर जनपद में ऊपर से तो बिजली भरपूर आ रही है परन्तु आंधी पानी के मौसम के कारण स्थानीय विद्युत विभाग द्वारा ऐसी परिस्थितियों का पहले से इंतजाम न करने के कारण जनपद और शहरवासियों को पूरी तरह बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि उपखण्ड अधिकारी और जे ई की अकर्मणयता के चलते बिजली तारों और ट्रान्सफार्मरों का सही समय पर मेन्टीनेन्स न होने के कारण बार बार होने वाली फाल्ट के कारण जो फाल्ट आधा घंटे में दुरुस्त हो जाना चाहिए उसे विभाग 3-4 घंटे में भी दुरुस्त न कर पाता है। उन्होंने कहा कि उचित रखरखाव के अभाव में ट्रान्सफार्मर और विद्युत उपकरण खराब हो रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि विद्युत विभाग शासन की मंशा के अनुरूप 24 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा उपभोक्ताओं की परेशानियों को गम्भीरता से लेकर निराकरण करने हेतु अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर ले नही तो उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य हो जायेगी।

---

# पूर्व प्राचार्य व साहित्यकार शर्मा की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पांच अप्रैल को स्थानीय बी.एस.एन.एल. कालोनी में रामाश्रम आश्रम मथुरा तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम के संयुक्त सानिध्य में तथा एम.एस.डी. कॉलेज पाली के प्रबंधक डा.पूरन सिंह निरंजन के मुख्य आतिथ्य में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व प्राचार्य स्व. प्रो.भगवत नारायण शर्मा की जन्म जयंती श्रृद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी मायारानी दीदी द्वारा बनाया गया केक प्रो. भगवत नारायण शर्मा के पुत्र सिद्धार्थ शर्मा, पुत्रवधु श्रीमती रोली शर्मा एवं पौत्री हर्षिता शर्मा द्वारा काटा गया। इस दौरान 06 पौधों का रोपण करके धरती को हरा भरा रखने संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ रामाश्रम आश्रम मथुरा के द्वारा की गई प्रार्थना सभा किया गया। तदुपरांत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम से पधारी बहन मायारानी दीदी के द्वारा प्रार्थना तथा गीता पर उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.पूरन सिंह निरंजन ने कहा कि स्व. प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने जो कार्य शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में किये हैं वो सदा अविस्मरणीय रहेंगे। इस मौके पर बीएसएनएल के एस.डी.ओ. रमेश सिंह, के.पी.एस. डिग्री कॉलेज प्राचार्य डा.राजेन्द्र प्रकाश, सुदर्शन डिग्री कॉलेज की प्राचार्या सोनू श्रीवास्तव, एम.एस. कॉलेज पाली प्राचार्य डा.करुणाकर शर्मा, इन्द्रपालसिंह कॉलेज जाखलौन प्राचार्य डा.राजवीर सिंह निरंजन, पत्रकार संदीप शर्मा एड. एवं बीएसएनएल कॉलोनी के निवासी आदि उपस्थित रहे।

---

# प्रथम पुण्यतिथि पर पं. अशोक रिछारिया को याद किया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खण्ड महरौनी अन्तर्गत कुम्हैड़ी के पूर्व प्रधान स्व. अशोक रिछारिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को जिला अस्पताल स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला में जरूरतमंदों को भोजन कराकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में ग्राम प्रधान रहते हुए उन्होंने समाज में नैतिक मूल्यों को स्थापित करते हुए समाज हित में अनेक काम किए, जो आज भी प्रासंगिक हैं। वहीं उपस्थितजनों ने स्व. रिछारियाजी के जीवन से जुड़े प्रसंगों को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की अपील की गई। बताया गया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अजय पटेरिया, नितिन तिवारी, बाबू राजा बुंदेला, हरीराम निरंजन, जगदीश लोधी, प्रदीप चौबे, निखिल तिवारी, हरीश कपूर, चंद्रशेखर पंथ, मनोज मिश्रा, पं.कमलापति रिछारिया, अभिषेक शुक्ला, हरीश त्रिपाठी, अंतरिक्ष खेड़ा, महेंद्र विजय तिवारी, भोलेशंकर पटैरिया, रजनीश पुरोहित आदि मौजूद रहे।

---

### महर्षि कश्यप व निषाद राज जयंती मनाई गई

# मिशन 2027 की फतह का सपाइयों ने संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान महर्षि कश्यप एवं निषाद राज जी की जयंती भी मनाई गई। नेताओं ने उनके जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज में उनके योगदान को याद किया। बैठक में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की जयंती प्रत्येक सेक्टर स्तर पर मनाए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे इस अवसर पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करें। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों का पालन करते हुए मिशन 2027 को फतह करने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पार्टी को मजबूती देने और चुनाव में जीत हासिल करने का भरोसा जताया। कार्यक्रम के अंत में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी हरीसिंह यादव जिजयावन, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, अभिलाषा कुशवाहा, सुषमा देवी, जिला महासचिव डा शिशुपाल सिंह लोधी, नगराध्यक्ष अभि जैन खजुरिया, लक्ष्मी डोंगरा, निर्भान सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष एड ह्रदेश यादव मुखिया, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जाविद मंसूरी, पं.संजीव ढिमोले, एड प्रताप सिंह यादव, लाखन यादव रोंडा, राजेश यादव जय गुरुदेव, राहुल रजक नीलू, देशराज यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, शहरोज खान, जय सिंह बरैना, जिला प्रवक्ता प्रमोद इमलिया, राजेश झा, राजेश पठारी, जय सिंह यादव, मूरत सिंह यादव, नरेंद्र बरार, जितेंद्र कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह, मो. आसिफ़, बलराम, घूमन सिंह, प्रशांत, हुकुम सिंह यादव, शैलेंद्र यादव, इरशाद मंसूरी, साहब चारू सतभैया, हरगोविंद नामदेव, शाहिद अली, वाहिद अली, बिट्टू यादव, सचिन सोलंकी, जितेंद्र जोशी, पुष्पेंद्र सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

#### लोहिया वाहिनी प्रदेश सचिव का जोरदार स्वागत

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम करन निर्मल द्वारा जिले के सक्रिय कार्यकर्ता हरी सिंह यादव जिजयावन को प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन के बाद जब हरी सिंह यादव जिजयावन लखनऊ से अपने गृह जनपद ललितपुर पहुंचे, तो सपा कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की कि हरी सिंह यादव जिजयावन अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। प्रदेश सचिव ने आभार व्यक्त करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### इन दुकानों पर अब आबकारी विभाग जिम्मेदारी निभाते हुए विक्रय करवाएगा मदिरा

# राजगढ़ जिले में 24 शराब दुकानों का किसी ठेकेदार ने नहीं लिया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए घोषित नवीन आबकारी नीति के अंतर्गत अब तक कुल 133 मदिरा दुकानों के ठेके दिए जा चुके हैं और सभी दुकानों पर संबंधित ठेकेदारों द्वारा शराब का विक्रय आरंभ किया जा रहा है। इस निष्पादन से अब तक लगभग 176 करोड़ रूपये का राजस्व सुरक्षित किया गया है जो कि नवीन नीति के अनुसार प्रस्तावित राजस्व का लगभग 55 प्रतिशत है।

जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल एवं अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी अजय भादरे ने बताया कि जिले में कुल 157 शराब दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। उक्त 157 में से 24 शराब दुकानों के लिए ठेकेदारों/एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। परन्तु शासन द्वारा निर्धारित 315 करोड़ रुपए का टारगेट/आरक्षित मूल्य को विभाग कवर करेगा। जिन 24 दुकानों के टेंडर फिलहाल तक नहीं हुए हैं उन दुकानों का संचालन कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशानुसार होमगार्डस व अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारियों के जरिए करवाया जाएगा।

#### रिकॉल टेंडर की प्रक्रिया चलन में

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन 24 मदिरा दुकानों का ठेका न होने की वजह से 31 मार्च की रात्रि में ठेका समाप्त हो जाने पर आबकारी विभाग ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इन दुकानों का ठेका दिये जाने की प्रक्रिया (रिकॉल टेंडर) भी चालू है जो शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन के द्वारा की जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को संपन्न 12 वें चरण की कार्यवाही में 09 और दुकानों पर टेण्डर प्राप्त हुऐ है। प्रस्ताव मान्य/अमान्य करने हेतु इनको जिला समिति अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देश पर विभागाध्यक्ष को प्रेषित किये जा रहे है। इनकी स्वीकृति हो जाने पर जिले की शेष 24 दुकानें जो अभी विभागीय नियंत्रण में हैं, को भी शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नीलामी पर रखा जाएगा।

#### इसलिए नहीं लिए गए हैं ठेके

दरअसल, नई आबकारी नीति के तहत गत वर्ष हुई टेंडर राशि में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर टेंडर दिए जाने हैं। जिन 24 दुकानों के टेंडर ठेकेदारों ने नहीं लिए उन दुकानों पर शराब की बिक्री बहुत कम मात्रा में हुआ करती है। ऐसे में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर ठेका लेने में एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। हालांकि, अब रिकॉल टेंडर में संभव है कि जल्द उक्त दुकानों के टेंडर भी एजेंसियों द्वारा ले लिए जाएं।

#### इन दुकानों के टैंडर होना बाकी

जिन दुकानों के टैंडर रिकॉल किए गए हैं उनमें ब्यावरा सिटी, खजूरी, कुरावर मंडी, कुंवर कोठरी, नई आबादी कुरावर, नरसिंहगढ़(ब), पचोर(बी), राजगढ़ पुरा, सुठालिया(बी), राजगढ़ पुरा, सुठालिया(बी), आसारेटा, बोड़ा(बी), किला अमरगढ़, लिम्बोदा, नाहली, पीपल्याबीरम, सुस्तानी, ब्यावरा एफ-2, जीरापुर(बी), खिलचीपुर-ए, कुरावर, पचोर, राजगढ़, छापीहेड़ा एवं खुजनेर-ए शामिल हैं।

#### इनका कहना है

टैंडर रिकॉल किए गए हैं। शासन को राजस्व की हानि न हो इसलिए जब तक एजेंसी तय नहीं होती विभाग अपने स्तर से दुकानों का संचालन करवाएगा।

**- अजय भादरे**, अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

### स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा मामला

# रेंजर दफ्तर के सामने ही टूटी पड़ी फॉरेस्ट की तार फेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में वनों के सरंक्षण और बचाव का दावा करने वाले वन विभाग के अधिकारियों की नाक के नीचे ही जंगलों की सुरक्षा को ठेंगा दिखाया जा रहा है। मुख्यालय पर बाईपास स्थित नवनिर्मित रेंजर कार्यालय के सामने वन विभाग की भूमि स्थित है। इसी भूमि पर विभाग की तार फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है पर जिम्मेदारों द्वारा तनिक भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आपको बतादें कि खोयरी रोड स्थित रेंजर दफ्तर कुछ माह पूर्व ही किशनगढ़ गांव के ऊपर नवनिर्मित भवन में शिफ्ट किया गया हैं। रेंज कार्यालय के अधिकारी समेत इन्सपेक्टर, वनपाल, वनरक्षक व अन्य अमला प्रतिदिन ऑफिस तो पहुंच रहा है लेकिन मुख्य कार्यों की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। रेंजर कार्यालय के ठीक सामने कई बीघा क्षेत्र में फॉरेस्ट के स्वामित्व की जमीन स्थित है। इस जमीन को कब्जे से मुक्त रखने पूर्व में करवाई गई तार फेंसिंग को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त करते हुए तारों को चुराया जा रहा है लेकिन विभाग के अधिकारी इस तरफ ध्यान ही नहीं दे रहे हैं।



#### अनेकों स्थानों पर इसी तरह के हैं हाल

लापरवाही का यह मामला सिर्फ रेंजर दफ्तर के सामने तक ही सीमित नहीं है बल्कि जिले में अनेक स्थानों पर वन विभाग के स्वामित्व वाली फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है। कहीं चोरों ने तार चुरा लिए तो कहीं अन्य कारणों से वनभूमि असुरक्षित हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# बजट सहित कई बिन्दुओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

### राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार से रखी गई मांग

**सारंगपुर।** बढ़ती महंगाई और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण बिजली, पेट्रोल-डीजल, गैस और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ गया है।



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि महंगाई का असर गरीब और मध्यम वर्ग पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी ने बिजली दरों में वृद्धि, गैस की किल्लत और अघोषित कटौती को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं से घरेलू बजट के साथ छोटे व्यापारियों पर भी संकट खड़ा हो गया है। किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम भैसानिया ने बताया कि डीजल की कमी और महंगाई के कारण खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। वहीं किसानों को गेहूं खरीदी में देरी के चलते फसल औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में अनियमितता, स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल और गैस संकट जैसे मुद्दे भी उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईवे पर हादसे का खतरा, पाइप लाइन में लीकेज

**राजगढ़।** स्थानीय हाईवे के बाईपास पर दुर्घटनाओं का खतरा मंडलरा रहा है। दरअसल, भगवति रेस्टोरेंट के समीप एवं अटल बिहारी प्रतिमा के ठीक पास नगर पालिका की पाइप लाइन में लीकेज होने से पानी सीधे हाईवे पर पहुंच रहा है। स्थानीय रहवासियों द्वारा नगर पालिका के जिम्मेदारों को सूचना देने के बाद भी उक्त लीकेज दुरुस्त करवाने नगर पालिका की जल शाखा के जिम्मेदार कोई जहमेत नहीं उठा रहे हैं। पाइप लाइन के लीकेज से निकला पानी पूरे समय हाईवे पर बहता रहता है। ऐसे में बाइक चालकों के असंतुलित होने की संभावना ज्यादा बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए लाइन दुरुस्त करवाई जाए ताकि पानी व्यर्थ न बहे और संभावित दुर्घटनाओं को भी टाला जा सके।

### संक्रमण के खतरे में कमी के साथ समय व राशि की होगी बचत

# जिला अस्पताल में शुरू हुई बेडशीट की आधुनिक धुलाई व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के क्रम में प्रशासन की एक ओर पहल नजर आई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के प्रयासों से जिला अस्पताल में आधुनिक हाई-कैपेसिटी वॉशिंग मशीनों के माध्यम से बेडशीट धुलाई की नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इस पहल से अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ ही मरीजों को संक्रमण के खतरे से राहत मिलेगी।

जिला अस्पताल में स्थापित तीन हाई-कैपेसिटी मशीनों के माध्यम से अब मात्र 30 मिनट में लगभग 100 बेडशीट की धुलाई संभव हो सकेगी। पूर्व में बेडशीट की धुलाई नालों, नदी के पानी में करवाई जाती थी, जिसमें अधिक समय लगने के साथ संक्रमण का खतरा भी बना रहता था। नई व्यवस्था के तहत अब धुलाई कार्य अस्पताल परिसर में ही वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से किया जाएगा। यह पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देगी, बल्कि समय एवं संसाधनों की भी बचत सुनिश्चित करेगी। साथ ही मरीजों को साफ एवं स्वच्छ बेडशीट उपलब्ध कराई जा सकेगी, जिससे उपचार की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

#### साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार की जाएगी धुलाई

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत साप्ताहिक रोस्टर के अनुसार विभिन्न वार्डों की बेडशीट की नियमित धुलाई की जाएगी। इस कार्य के लिए आवश्यक मानव संसाधन की भी व्यवस्था की गई है, जिससे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## खर्चीली शादियों को रोकने तंवर समाज करवा रहा विवाह सम्मेलन

**राजगढ़।** गरीब परिवारों के हित और खर्चीले विवाह-समारोह पर अंकुश लगाने के उद्धेश्य से क्षेत्र के तंवर समाज के तत्वावधान में आगामी 25 अप्रेल को निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने बताया कि यह सम्मेलन ढंड जोड़ स्थित बाबा रामदेव परिसर में आयोजित करवाया जाएगा जिसके लिए पंजीयन प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। सम्मेलन में जोड़ों के विवाह हेतु अनिवार्य शर्त यह रखी गई है कि वर की आयु 21 वर्ष एवं वधु की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। संबंधित वर-वधु के परिजनों को आयु के प्रमाण हेतु निर्धारित शासकीय दस्तावेज सम्मेलन समिति के पास जमा करवाने होंगे। इसके साथ ही शराब पीकर सम्मेलन में आने वालों के लिए समिति द्वारा जुर्माना तय किया गया है। जो भी सम्मेलन में किसी भी तरह का नशा करके आएगा उस पर न केवल जुर्माना बल्कि संबंधित को पुलिस के सुर्पुद किया जाएगा।

### स्कूल चले अभियान के तहत जिले भर में कार्यक्रम आयोजित

# स्कूलों में ऐसी पढ़ाई हो जो बच्चों को बोझिल न लगे: मनोज हाड़ा

**राजगढ़।** स्कूल चले अभियान एवं प्रवेश उत्सव के चतुर्थ दिवस शासकीय प्राथमिक विद्यालय हीरापुरा में भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा बच्चों से रूबरू हुए। इस दौरान बच्चों को नए बैग, किताबें व अन्य सामग्री का वितरण करवाया गया।

हाड़ा ने शाला स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई ऐसी होनी चाहिए जो बच्चों को बोझिल न लगे। सभी विषयों का अध्ययन खेल-खेल में करवाया जाना चाहिए ताकि बच्चे रुचि लेकर पढ़ाई करें। हाड़ा ने अपने उद्बोधन में बच्चों के भविष्य को किस प्रकार संवारा जा सकता है, इस बारे में भी उद्धगार व्यक्त किए। उन्होंने नौनिहालों को नियमित स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि दुनिया में हर चीज बांटी जा सकती है परंतु हमारा ज्ञान ही है जिसे कोई न बांट सकता है न छीन सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। संस्था के प्रभारी रामबाबू पुष्पद एवं भगवान सिंह राणावत ने अतिथियों का स्वागत, अभिनंदन किया। संस्था के प्रबंधन और छात्र-छात्राओं के अनुशासन की भी प्रशंसा की गई। अंत मे उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को रोमांचक कहानियो, कविता की पुस्तकें और पेन भेंट किए गए। आभार शिक्षक भगवान सिंह राणावत द्वारा प्रकट किया गया।'



## छह उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द, 10 पर जुर्माना अधिरोपित

**राजगढ़।** कृषि विभाग के आदेश पर जिले में उर्वरक वितरण को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु ई-टोकन प्रणाली लागू की गई है। उक्त आदेश की अवहेलना पर जिले के छह उर्वरक बेचने वालों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं एवं 10 पर जुर्माना लगाया गया है। जिन इन विक्रेताओं के लाइसेंस किए गए निलंबित विशाल ट्रेडर्स जीरापुर, श्री कृष्णा कृषि सेवा केन्द्र खुजनेर, महादेव इंटरप्राइजेज बोड़ा, गोपाल ट्रेडर्स ब्यावरा, सांवरिया ट्रेडर्स ब्यावरा एवं लोदी कृषि सेवा केन्द्र सुतलिया शामिल हैं।

#### इन विक्रेताओं पर 5.5 हजार रुपए का जुर्माना

विभाग ने निर्देशों की अवहेलना पर श्री दांगी कृषि सेवा केन्द्र खिलचीपुर, श्रीराम इंटरप्राइजेज खिलचीपुर, हबीबा इंटरप्राइजेज माचलपुर, राधेश्याम ट्रेडर्स खुजनेर, नागर ट्रेडर्स खुजनेर, श्री फ्लोदी इंटरप्राइजेज पचोर, इफको ई.बाजार सारंगपुरए कृष्णा ट्रेडर्स ब्यावरा, श्री बालाजी ट्रेडर्स ब्यावरा, मंडलोई कृषि सेवा सुतलिया पर 5 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया है।

### किसानों को जैविक खेती अपनाने किया प्रेरित

# कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर जैविक खेती के नवाचार की पहल देखी

**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को जीरापुर विकासखंड के ग्राम घोघटपुर पहुंचकर क्षेत्र में हो रहे जैविक खेती के नवाचारों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एक किसान के खेत पर पहुकचकर बीआरसी (जैविक संसाधन केंद्र) यूनिट एवं चूजे पालन गतिविधियों को देखा एवं किसान द्वारा अपनाई गई आधुनिक एवं जैविक खेती की विधियों की सराहना की।



कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में जैविक खेती न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे किसानों की आय में भी वृद्धि संभव है। उन्होंने उपस्थित किसानों से आह्वान किया कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ जैविक खेती एवं नवीन तकनीकों को अपनाएं, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर हो और बाजार में अच्छे मूल्य प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि बीआरसी यूनिट जैसे नवाचार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।इस प्रकार की इकाइयों के माध्यम से जैविक खाद एवं दवाइयों का निर्माण कर लागत को कम किया जा सकता है और मृदा की उर्वरता को बनाए रखा जा सकता है।

#### आय का अतिरिक्त स्त्रोत है चूजे पालन

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने चूजे पालन गतिविधि को भी किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्त्रोत के रूप में बताया और कहा कि कृषि के साथ पशुपालन एवं अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ बना सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं किसानों को निर्देशित किया गया कि जिले में इस प्रकार के सफल मॉडलों को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान इससे प्रेरणा लेकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

## नागर मोहल्ले में देर रात्रि तक चली भंडारा प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

हनुमान जयंती से चल रहे धार्मिक आयोजनों की कड़ी में मुख्यालय के नागर मोहल्ले स्थित शिव मंदिर क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि नगर भंडारे का आयोजन करवाया गया। शाम से आरंभ हुए भोजन, प्रसादी का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा। इस दौरान हजारों श्रद्धालु महिला, पुरुषों, बच्चों ने भंडारे में प्रसादी गृहण की। इस वृहद आयोजन में स्थानीय युवाओं की भूमिका भी सराहनीय रही और वे तन्मयता के साथ भंडारे में परोसगारी करते नजर आए। क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि फेनु बना के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भंडारे में पहुंचकर व्यवस्थाओं को सम्हाले रखा।

### बाल कल्याण समिति ने शिशु गोपाल महिला मंडल को सौंपा

# प्रशासन की सुरक्षित गोद में पहुंचा 2 माह पूर्व लावारिस हाल में मिला बालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

करीब दो माह पूर्व खिलचीपुर क्षेत्र के निर्जन स्थान पर लावारिस हाल में मिले बालक को मुख्यालय स्थित एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती करवाया गया था। बालक के एसएनसीयू में एडमिट किए जाने के वक्त उसकी हालत बहुत नाजुक थी परन्तु 60 दिनों तक चले विशेष उपचार के बाद यह लावारिस बालक पूरी तरह स्वास्थ्य हो चुका है।

बच्चे को पूर्णतः स्वथ होने पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा एवं टीम ने इस बालक को आगे के पोषण हेतु प्रशासनिक रूप से पंजीबद्ध शिशुगृह गोपाल महिला मंडली के सुपुर्द्ध किया। शर्मा ने बताया कि बेबी को उचित देखभाल, बेहतर स्वास्थ्य और सर्वोत्तम हित के लिए आवश्यक अन्य जरूरी देखभाल के निर्देश के साथ राजगढ़ के शिशुगृह गोपाल महिला मंडल के प्रतिनिधियों को संस्थागत आश्रय के लिए सुपुर्दगी दी। इस दौरान एसएनसीयू प्रभारी डॉ. आरएस माथुर और विंग की टीम ने भावुक क्षणों में बालक को शिशुगृह के लिए रवाना किया।



#### नियमानुसार की जाएगी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया

बाल कल्याण समिति पदाधिकारी श्रीमती रिंकू सुनेरी, सुरेश चंद्रवंशी, निलेश मालवीय, श्रीमती सलमा अंसारी ने बताया कि आगामी दिनों में बालक के माता-पिता की सर्चिंग की जाएगी और तय समय में पश्चात नहीं मिलने पर जेजे एक्ट के अनुसार विधिमुक्त और दत्तकग्रहण की प्रक्रिया संबंधी को चलन में लाया जाएगा। समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि जिस बालक का कोई नहीं उसकी बाल कल्याण सिमति है। समिति स्टाफ हमेशा बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करने के लिए कृत संकल्पित है। इस मौके पर एसएनसीयू टीम प्रभारी सहित दो माह तक मां जैसी देखभाल करने वाली नर्सेज व अन्य उपस्थित रहे।

## मलखंब में पौआनाला के श्लोक आदिवासी ने तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम पौआनाला के मलखंब खिलाड़ी श्लोक आदिवासी प्रदेश टीम में चयनित होकर 'खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स' में तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्लोक पिछले कई वर्षों से पालन सेवा फाउंडेशन के मार्गदर्शन में मलखंभ का नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष भी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। ग्राम पौआनाला के लिए यह गौरव की बात है। पहली बार गांव का कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा है।